कार्यालय रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल, लखनऊ

पत्र संख्या– 2317/24 | दिनांक– 02/04/2024

अति आवश्यक सूचना

समस्त FMG (विदेशों से उत्तीर्ण) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा इन्टर्नशिप कराये जाने हेतु राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में प्राप्त अंको की श्रेष्ठता के आधार पर आवंटन हेतु मेरिट सूची एवं Counselling में आवेदकों द्वारा मेडिकल कॉलेजों के (Choice Filling/ Choice Locking) के पश्चात् हॉस्पिटल/मेडिकल कॉलेजों का आवंटन किया जा चुका है।

आवंटन में अभी समस्त अभ्यर्थियों की इन्टर्नशिप की अवधि 01 वर्ष ही दर्शायी गई है। जिन अभ्यर्थियों ने (Online) माध्यम से पढाई करी है, उन अभ्यर्थियों को 1 साल की इन्टर्नशिप पूर्ण होने के पश्चात् उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल मे सूचना देनी होगी।

समस्त FMG (विदेशों से उत्तीर्ण) अभ्यर्थियों के इन्टर्नशिप हेतु आवंटित मेडिकल कॉलेज का आवंटन पत्र दिनांक 03.04.2024 को जारी कर दिया गया है। आवंटन पत्र डाउनलोड करने हेतु मेडिकल कॉलेजों के (Choice Filling/ Choice Locking) में दिए गए लिंक के द्वारा कर सकते हैं। समस्त अवांटित अभ्यर्थी 07 (सात) कार्यदिवस के अन्दर आवंटित कॉलेज में ज्वाईनिंग करना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार का स्थानान्तरण (Transfer) किसी भी हॉस्पिटल/मेडिकल कॉलेजों मे नही किया जायेगा।

नोट–*यदि किसी **FMG** अभ्यर्थी को आवंटित मेडिकल कॉलेज इंटर्नशिप कराने की अनुमति नहीं देता है, तो इसकी सूचना अविलंब राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली को देते हुए, उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल को भी अवगत करायें। जिससे उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली को संस्तुति प्रेषित की जा सके।*

रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल।